

रोहित शर्मा को बीसीसीआई का अल्टीमेटम

PAGE - 07

# आज तक

सबसे तेज़



कॉकटेल 2 का आया ट्रेलर, 19 जून को होगी रिलीज

PAGE - 12

AN INDIA TODAY GROUP PRESENTATION

## सियासी संदेशों से भरे दिख रहे यूपी सरकार के हालिया फैसले

# चुनाव मोड में योगी

**नई दिल्ली, आजतक**

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव भले अभी दूर हों, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया फैसले राजनीतिक चर्चा का विषय बने हुए हैं. फाजिलनगर का नाम पावागढ़ करने की घोषणा, विस्थापित और दंगा पीड़ित परिवारों से जुड़ी पहलें और बिजली उपभोक्ताओं को राहत जैसे कदमों को सरकार के व्यापक राजनीतिक संदेश और आगामी चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है.

इस कड़ी में मंगलवार को कुशीनगर में मुख्यमंत्री ने फाजिलनगर का नाम बदलकर पावागढ़ करने की घोषणा की. इसके साथ ही सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया गया. वहीं, सोमवार को बिजनौर में मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानों, कानून-व्यवस्था, गौसंरक्षण और नागरिकता संशोधन कानून (CAA) जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी बातें रखी थीं.

### फाजिलनगर अब 'पावागढ़'



**आशीष श्रीवास्तव, आजतक**

कुशीनगर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फाजिलनगर का नाम 'पावागढ़' करने की घोषणा की. साथ ही उन्होंने 424 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 278 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया.

### 'छुरेबाजी' पर अल्टीमेटम



**आशीष मिश्र, आजतक**

बिजनौर के बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के आलमपुर गांवड़ी में 1 जून को आयोजित कार्यक्रम का औपचारिक उद्देश्य विस्थापित हिंदुओं को भूमिधरी अधिकार सौंपना था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी के भाषण ने राजनीति के बड़े मंच में बदल दिया.

### कब्रिस्तान से जमीन मुक्त



**अभिनव माथुर, आजतक**

उत्तर प्रदेश के संभल में आज 1978 के दंगा पीड़ित परिवार का पुनर्वास होने जा रहा है. प्रशासन उन्हें जमीन का पट्टा सौंपेगा. यह जमीन कब्रिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई है, जिसे अब उसके वास्तविक हकदार परिवार को सौंपा जाएगा.

### यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**लखनऊ, आजतक :** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने राज्य के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है. पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) द्वारा जून महीने के बिलों में प्रस्तावित 10 प्रतिशत अतिरिक्त बिजली टैरिफ वसूली पर रोक लगा दी है.



### लोखंडे प्रशांत सीताराम होंगे नए बॉस

## CBSE चेयरमैन और सेक्रेटरी को हटाया गया



**मारिया शकील, आजतक**

लोखंडे प्रशांत सीताराम सीबीएसई के नए चेयरमैन होंगे. केंद्र सरकार ने मंगलवार को उनकी नियुक्ति पर मोहर लगा दी है. इससे पहले सरकार ने CBSE के पुराने चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया था. 12वीं की परीक्षा के मैनेजमेंट पर उठे सवाल, मूल्यांकन प्रक्रियाओं में आ रही व्यावहारिक और तकनीकी दिक्कतों और जवाबदेही से जुड़े प्रश्नों पर ये सरकार का बड़ा एक्शन था. अब सरकार ने पुराने चेयरमैन राहुल सिंह और CBSE के सचिव हिमांशु गुप्ता को हटाने के बाद IAS लोखंडे प्रशांत सीताराम को CBSE का नया चेयरमैन बनाया है.



### मुश्किल में ममता

बंगाल विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद ममता बनर्जी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. पार्टी के जीते हुए नेताओं में असंतोष और बगावत के संकेत साफ दिख रहे हैं. 13 मई की बैठक से 35 विधायक अनुपस्थित रहे, जबकि 31 मई को 80 में से 60 विधायक नदारद रहे. वहीं, मंगलवार को 73 विधायक और 26 सांसद ममता के धरने से दूर रहे.

### 25% से घटाकर 15% किया शुल्क

## ट्रंप ने दी टैरिफ में बड़ी राहत


**नई दिल्ली, आजतक**

मिडिल ईस्ट तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ कट का ऐलान किया है. ये कटौती कुछ सेलेक्टेड एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स और औद्योगिक उपकरणों पर की गई है. अब तक इन सामानों पर अमेरिका की ओर से 25% का टैरिफ लागू किया गया था, जिसे ट्रंप ने घटाकर 15% करने का ऐलान किया है. अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से कृषि और इंडस्ट्रियल उपकरणों की एक विस्तृत रेंज पर टैरिफ में अस्थायी कटौती अगले साल दिसंबर 2027 तक लागू रहेगी.

**'तुम्हारी जान मैं बचा रहा हूं',**

"तुम्हारा दिमाग खराब हो चुका है, अगर मैं न होता, तो तुम अब तक जेल में होते. ये मैं हूं जो तुम्हारी जान बचा रहा हूं. अब हर कोई तुमसे नफरत करता है. इसी वजह से हर कोई इजरायल से भी नफरत करता है."

## वेदांता ग्रुप पर ईडी का शिकंजा



**मुनीष पांडे, आजतक**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से जुड़े एक मामले में उद्योगपति अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह के कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया.

### आज तक दरअसल




epaper.aajtak.in

### राजस्थान: प्रतापगढ़ जिले का खरवाड़ा गांव जल जीवन मिशन की पहुंच से दूर

# 5 किमी दूर से गधों पर ढोना पड़ रहा पानी

**संजय जैन, आजतक**

राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के खरवाड़ा गांव में पेयजल संकट गंभीर रूप धारण कर चुका है. गांव के करीब 15 आदिवासी परिवारों के लिए पानी की व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती बन गई है.

हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों की दिनचर्या पानी की तलाश से शुरू होती है और दिन का बड़ा हिस्सा इसी प्रयास में बीत जाता है. ग्रामीणों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए करीब 5 किमी दूर पहाड़ी क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है. कई परिवार गधों की पीठ पर बर्तन लादकर पानी ढो रहे हैं, जबकि महिलाएं और बच्चे सिर पर मटके रखकर कठिन रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं.

> "जल जीवन मिशन का काम फॉरेस्ट क्लीयरेंस के कारण अटका हुआ है. फिलहाल टैंकर से पानी सप्लाई की व्यवस्था की गई है और स्थायी समाधान के लिए भी कोशिशें चल रही हैं.
>
> **निलेश कलाल**, उपखंड अधिकारी



खरवाड़ा गांव में पेयजल संकट गंभीर. (Photo: ITG)

### पढ़ाई छोड़ पहले पानी लाना पड़ता है

इस जल संकट का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है. गांव की 12वीं में पढ़ने वाली प्रियंका मीणा कहती हैं कि सुबह पहले पानी लाना पड़ता है, फिर स्कूल जाना होता है. कई बार पानी भरने में इतना समय लग जाता है कि स्कूल देर से पहुंचना पड़ता है.

## ‘रुद्रम-2’ का सफल परीक्षण

# दुश्मन के रडार को पलक झपकते ही कर देगा ‘अंधा’

**शिवानी शर्मा, आजतक**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर हवा से जमीन पर मार करने वाली देश की सबसे आधुनिक एंटी-रेडिएशन मिसाइल ‘रुद्रम-2’ का सफल परीक्षण किया है.

इस अत्याधुनिक मिसाइल का परीक्षण भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई (Su-30 MKI) के जरिए ओडिशा के तट पर किया गया. यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा और इसने मिसाइल की प्रोपल्शन सिस्टम, नियंत्रण तकनीक और गाइडेंस एल्गोरिदम की सटीकता को पूरी तरह साबित कर दिया है. ‘रुद्रम-2’ का सफल होना न केवल भारत की मारक क्षमता को कई गुना बढ़ाता है, बल्कि युद्ध के मैदान में दुश्मन के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह अंधा करने की दिशा में भारत को महाशक्ति बनाता है. एक आम मिसाइल और एंटी-रेडिएशन मिसाइल में सबसे बड़ा अंतर उनके लक्ष्य को ढूंढने के तरीके में होता है. एंटी-रेडिएशन मिसाइल का मुख्य काम दुश्मन के रडार सिस्टम, कम्युनिकेशन नेटवर्क, जैमर्स और रेडियो फ्रीक्वेंसी उत्सर्जित करने वाले ठिकानों को ढूंढकर उन्हें नष्ट करना होता है.

**स्वदेशी मिसाइल प्रणाली है रुद्रम-2**

रुद्रम-2 पूरी तरह से एक स्वदेशी मिसाइल प्रणाली है, जिसे डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं (जैसे DRDL और RCI) ने मिलकर डिजाइन किया है. लेकिन इसके बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों को शामिल किया गया है. सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) इसके निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आपूर्ति में मुख्य भूमिका निभा रही हैं.

- भारतीय वायुसेना का नया गेमचेंजर
- 350 किमी दूर से होगा सटीक प्रहार
- रुद्रम-2 ने बढ़ाई देश की मारक शक्ति



## विदेश मंत्रालय ने कहा, तीसरे पक्ष का कोई रोल नहीं

# बॉर्डर मुद्दे पर भारत की नेपाल को खरी-खरी

**नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह द्वारा सीमा विवाद सुलझाने के लिए ब्रिटेन और चीन को शामिल करने की मांग को भारत ने स्पष्ट खारिज कर दिया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि 98 प्रतिशत सीमांकन पूरा है और दोनों देश द्विपक्षीय तंत्र से ही इसे सुलझाएंगे.**



एक तरफ नेपाल के पीएम भारत को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, दूसरी ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने भारत दौरे पर हैं. लामिछाने का मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में स्वागत किया गया. इस दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की. (Photo: PTI)

**नई दिल्ली, आजतक**

भारत ने नेपाल के साथ बॉर्डर विवाद सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष की किसी भी मध्यस्थता को स्पष्ट रूप से खारिज किया है. भारत का यह बयान तब आया है, जब नेपाल के पीएम बालेन शाह ने हाल ही में कहा था कि नेपाल भारत के साथ सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए ब्रिटेन और चीन की मध्यस्थता चाहता है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दे के सभी पहलुओं से निपटने के लिए द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए हैं और भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा सीमांकित किया जा चुका है. रैपर से राजनेता बने बालेन शाह ने रविवार को नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद पर भारत के साथ चर्चा के अलावा नेपाल चीन और ब्रिटेन के भी संपर्क में है. बता दें कि रविवार को पीएम बालेन शाह ने कहा था कि यह समस्या उस समय से चली आ रही है जब ब्रिटिश भारत ने इस क्षेत्र को छोड़ा था, इसलिए हमारा मानना है कि इस मामले में इंग्लैंड को भी शामिल किया जाना चाहिए.


**कुछ मसले सुलझाना बाकी**

बालेन शाह के बयान पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने भारत-नेपाल सीमा के संबंध में नेपाल के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों के साथ-साथ इस मामले पर नेपाली विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बाद के बयान को भी देखा है. भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित हो चुका है, फिर भी कुछ हिस्सों में कुछ मसले हैं, जिसको सुलझाना बाकी है, गंडक नदी के बहाव में परिवर्तन होने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है.

## गर्लफ्रेंड के हत्यारोपी की जमानत याचिका पर SC की टिप्पणी

# ‘हे भगवान! तुम तो बहुत बड़े दुस्साहसी निकले’

**अनीषा माथुर, आजतक**



उत्तर प्रदेश के मेरठ में शादी से ठीक पहले युवती और उसके पिता की हत्या के चर्चित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य आरोपी सागर को राहत देने से इनकार कर दिया.

अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से भी मना कर दिया. सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणी भी चर्चा का विषय बन गई. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी. सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी के खिलाफ लगे आरोपों को बताते हुए कहा कि उसने अपनी कथित प्रेमिका, उसके पिता की हत्या कर दी और उसके भाई को भी गोली मारकर घायल कर दिया. पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा, “हे भगवान! तुमने अपनी गर्लफ्रेंड को मार दिया, उसके पिता की भी हत्या कर दी और उसका भाई भी घायल हो गया. तुम तो बहुत बड़े दुस्साहसी निकले. क्या तुमने अजय देवगन वाली बिहार पर बनी फिल्म नहीं देखी? तुम तो गर्लफ्रेंड किलर हो. यह किसी फिल्म की कहानी जैसा मामला है.” यह मामला जून 2020 का है. अभियोजन पक्ष के अनुसार युवती के भाई ने मेरठ में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें सागर पर एकतरफा प्रेम और लगातार पीछा करने (स्टॉकिंग) के आरोप लगाए गए थे. पुलिस के मुताबिक युवती की शादी किसी अन्य युवक से तय हो गई थी. शादी से दो दिन पहले सागर अपने कुछ साथियों के साथ युवती के घर पहुंचा और वहां अंधाधुंध फायरिंग कर दी. इस हमले में युवती और उसके पिता की मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए थे. घटना के बाद सागर को गिरफ्तार कर लिया गया था और तब से वह जेल में बंद है. याचिका में कहा गया कि घटना के समय उसकी उम्र केवल 18 वर्ष थी और वह पिछले छह वर्षों से जेल में है.

## सलीम डोला पर ED का शिकंजा, 20 ठिकानों पर छापेमारी

**दिव्येश सिंह, आजतक**

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी और अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर सलीम इस्माइल डोला के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई शुरू की है. मुंबई जोनल ऑफिस की टीम ने मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट समेत 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है. यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग और अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी से जुड़े मामले में की जा रही है. ED की यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े उस अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ है, जिसका संचालन सलीम इस्माइल डोला और उसके सहयोगी करते थे. जांच एजेंसी के मुताबिक यह नेटवर्क कई देशों तक फैला हुआ था और हजारों करोड़ रुपये के ड्रग कारोबार से जुड़ा हुआ है. हाल ही में भारत सरकार ने सलीम डोला को तुर्किये (तुर्की) से प्रत्यर्पित कर भारत लाया था.

## खतरे में नैनीताल, NGT ने कहा, नहीं संभले तो बहुत देर हो जाएगी

**लीला सिंह बिष्ट, आजतक**

उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल पर बढ़ते पर्यावरणीय खतरे को लेकर NGT ने बड़ा अलर्ट जारी किया है. मंगलवार को नैनीताल क्लब में आयोजित हाई लेवल समीक्षा बैठक में NGT के माननीय सदस्य और न्यायमूर्ति डॉ. अफरोज अहमद ने साफ शब्दों में कहा कि यदि नदी-नाले, प्राकृतिक जलस्रोत और जलधाराएं नहीं बचीं तो पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिकी को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा. बैठक में नैनीताल के सामने खड़ी कई गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई. इनमें नैनीझील का लगातार घटता जलस्तर, झील में बढ़ता प्रदूषण, कचरा प्रबंधन की समस्या, ड्रेनेज और सीवरेज नेटवर्क की स्थिति तथा जलस्रोतों पर बढ़ते अतिक्रमण जैसे मुद्दे प्रमुख रहे. बैठक के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि नैनीझील का जलस्तर लगातार प्रभावित हो रहा है.

## JOY मीम



### कोलकाता में धरने पर बैठीं पूर्व सीएम, 80 में से 73 विधायक नदारद रहे

# सियासी संग्राम में ममता की बेबसी

**ममता बनर्जी लंबे समय बाद पुराने अवतार में दिखीं. मंगलवार को ममता बनर्जी कोलकाता में धरने पर बैठीं और बीजेपी पर जमकर बरसीं. हालांकि इस धरने में भी पार्टी के कई विधायक और सांसद नदारद ही दिखे.**



ममता बनर्जी कोलकाता में धरने पर बैठीं. (Photo: ITG)

अनुपम मिश्रा, इंद्रजीत कुंडू, आजतक

कोलकाता में धरने पर बैठीं पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने हुंकार भरी है. ममता ने बीजेपी पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि मैं तब तक नहीं मरूंगी जब तक तुम लोगों को हटाऊंगी नहीं.

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद अपनी पहली सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि या तो हम लड़ेंगे या मरेंगे. हालांकि इस दौरान टीएमसी के 80 में से 73 विधायक गायब रहे और 26 सांसद भी नदारद रहे. इससे साफ जाहिर है कि ममता की पार्टी में भारी हलचल मची हुई है.वहीं, धरने पर ममता ने कहा कि BJP अध्यक्ष मुझे कई बार फोन करके मदद मांगते थे, लेकिन मैंने यह बात कभी मीडिया को नहीं बताई.

BJP को छोड़कर बाकी सभी राजनीतिक पार्टियों के साथ मेरे अच्छे संबंध हैं, जब भी BJP ने मदद मांगी, मैंने उनकी मदद की, उनके बुरे दिनों में मैंने उनका साथ दिया. मैंने तो उन्हें ख़ुद फ़ोन भी किया था. मैं यहीं हूं और यहीं रहूंगी. जब तक मैं ज़िंदा हूं, एक बहादुर की तरह लड़ूंगी.

कोलकाता के वाई चैनल पर धरना देते वक्त ममता ने टीएमसी की बैठकों से गायब विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो हमसे गद्दारी कर रहे हैं, हम उनसे कहेंगे कि ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सम्मति दे भगवान. पार्टी नेता और अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि अगर उस दिन पत्थर अभिषेक के सिर पर लगा होता, तो उसकी मौके पर ही मौत हो सकती थी. पूर्व सीएम ने मौजूदा सीएम शुभेंदु अधिकारी पर भी तंज कसा और कहा कि अभी बीजेपी के पुराने लोगों के पास पावर नहीं है, बल्कि दूसरी पार्टी से आए लोगों के पास पावर है.

**पार्टी नेताओं पर हमले के विरोध में धरना**

**ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता के रानी रासमणि रोड के वाई चैनल पर धरना दिया. तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि विधानसभा चुनाव के बाद उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं, खासकर सांसद अभिषेक और अन्य नेताओं को निशाना बनाया गया. ममता ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी को तोड़ने और नेताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है.**

## शिवकुमार संग शपथ लेंगे 13 कैबिनेट मंत्री



नागार्जुन, आजतक

कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है. कांग्रेस नेतृत्व ने राज्य में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. सबकी नजर 3 जून को बेंगलुरु में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह पर टिकी है. मुख्यमंत्री पद के लिए नामित डीके शिवकुमार के साथ 13 कैबिनेट मंत्री पहले चरण में शपथ ले सकते हैं, जबकि कैबिनेट का विस्तार बाद में किया जाएगा. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेतृत्व का मकसद एक संतुलित, क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों को साधने वाली टीम तैयार करना है, जो आने वाले वर्षों में सरकार का चेहरा बने. नई कैबिनेट को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान के स्तर पर अहम बैठक हुई.

### मदरसों की जांच पर सियासत तेज

# बिहार में असम मॉडल लागू करने की हो रही तैयारी?

रोहित कुमार सिंह, आजतक



बिहार सरकार द्वारा राज्य के मदरसों और संस्कृत विद्यालयों की व्यापक जांच शुरू किए जाने के बाद इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हो गई है. विपक्षी दलों और मुस्लिम समुदाय के कुछ संगठनों ने आशंका जताई है कि कहीं यह कदम भविष्य में असम की तर्ज पर मदरसा शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी तो नहीं है. विवाद की शुरुआत तब हुई जब शिक्षा विभाग ने सरकारी अनुदान प्राप्त सभी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का पूरी डिटेल अपलोड करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही जिला प्रशासन को संस्थानों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट सरकार को सौंपने के आदेश दिए गए हैं. सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी सहायता प्राप्त करने वाले संस्थान वास्तव में संचालित हो रहे हैं या नहीं. जांच के दौरान छात्र नामांकन, शिक्षकों और कर्मचारियों की संख्या, आधारभूत सुविधाओं तथा सरकारी अनुदान के उपयोग की समीक्षा की जा रही है.

### अमित शाह से मुलाकात के बाद बढ़ी सियासी हलचल

# दिल्ली दरबार में पहुंचे अन्नामलाई

पीयूष मिश्रा, आजतक



अन्नामलाई ने नितिन नवीन और बी.एल. संतोष से भी मुलाकात की. (Photo: ANI)

नई राजनीतिक पार्टी बनाने की अटकलों और नाराजगी की चर्चाओं के बीच तमिलनाडु BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई मंगलवार को दिल्ली पहुंचे.

यहां उन्होंने अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ अहम बैठकें कीं. अन्नामलाई ने अभी तक BJP से इस्तीफा नहीं दिया है. सूत्रों के मुताबिक, अन्नामलाई ने BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अलग-अलग मुलाकात की. सबसे अहम बैठक अमित शाह के आवास पर हुई, जहां तमिलनाडु की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और उनकी नाराजगी की वजहों पर विस्तार से चर्चा हुई. अन्नामलाई ने BJP के शीर्ष नेतृत्व को तमिलनाडु के हालिया घटनाक्रमों की पूरी जानकारी दी. उन्होंने पार्टी छोड़ने के विचार के पीछे की वजहों को भी विस्तार से समझाया. राज्य में पार्टी की राजनीतिक रणनीति, संगठनात्मक फैसलों और भविष्य की दिशा को लेकर अपनी चिंताओं को भी शीर्ष नेतृत्व के सामने रखा है. हालांकि, BJP नेतृत्व ने तत्काल कोई अंतिम फैसला लेने के बजाय अन्नामलाई को कुछ समय इंतजार करने की सलाह दी है. पार्टी नेताओं ने उनसे कहा है कि आगे और चर्चा की जाएगी, जिसके बाद उनसे दोबारा संपर्क किया जाएगा. फिलहाल अन्नामलाई के बुधवार तक दिल्ली में रुकने की उम्मीद जताई जा रही है. इससे पहले सोमवार को दिल्ली आने से पहले अन्नामलाई ने संकेत दिया था कि जल्द ही तस्वीर साफ हो जाएगी.

## MLC चुनाव: सुप्रिया के होने वाले समधी को BJP का टिकट

मुंबई, आजतक

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन चौंकाने वाले घटनाक्रम देखने को मिले, जहां उद्योगपति अरुण लखानी (जो एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के पुत्री रेवती सुले के ससुर होने वाले हैं) को बीजेपी ने वर्धा-चंद्रपुर-गढ़चिरोली निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है. उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, 'राजनीति और पारिवारिक रिश्ते पूरी तरह से दो अलग-अलग बातें हैं.' दोनों पक्ष अपनी विचारधारा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं.

### 2 साल बाद बैठक की तैयारी, अखिलेश-ममता होंगे शामिल!

# इंडिया ब्लॉक को लेकर फिर एक्टिव हुई कांग्रेस

रोहित कुमार, आजतक



कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक की अहम बैठक बुलाई है. (Photo: ITG)

कांग्रेस बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को घेरने के लिए एक मजबूत रणनीति तैयार कर रही है. इसी को लेकर कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) की बड़ी बैठक बुलाई है जो विपक्षी दलों के नेताओं की उपलब्धता के आधार पर आगामी 6 या 8 जून को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी.

बताया जा रहा है कि बैठक में पेपर लीक और लगातार बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर सरकारी को घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी. कांग्रेस पार्टी के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, विपक्षी 'INDIA' गठबंधन के वरिष्ठ नेता नेताओं की उपलब्धता के आधार पर आगामी 6 या 8 जून 2026 को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित करने जा रहे हैं.

सूत्रों का कहना है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों-तृणमूल कांग्रेस (TMC) को पश्चिम बंगाल और डीएमके को तमिलनाडु की सत्ता से बाहर होना पड़ा है, जिसके बाद विपक्ष की एकजुटता को मजबूत करने और बीजेपी नेतृत्व वाली सरकार का मुकाबला करने के लिए इस संयुक्त बैठक को बुलाया गया है. बताया जा रहा है कि कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने विभिन्न दलों के नेताओं से संपर्क किया है.



## दिल्ली में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद गिरी बिल्डिंग, 6 घायल

**नई दिल्ली,आजतक**

दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में मंगलवार को संदिग्ध एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट के कारण एक इमारत ढह गई. पुलिस के अनुसार इस घटना में 6 लोग घायल हुए हैं. जिस इमारत में ये हादसा हुआ, उसका इस्तेमाल बर्तन पॉलिश करने के लिए किया जाता था. स्थानीय लोगों का कहना है कि ये हादसा एक संभावित एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से हुआ है. धमाका इतना जोरदार था कि इसके प्रभाव से पूरी की पूरी बिल्डिंग ढह गई और वहां चीख-पुकार मच गई. स्थानीय लोगों का कहना है कि रेस्क्यू टीम ने तीन लोगों को रेस्क्यू किया. हालांकि, एक व्यक्ति के मलबे में फंसे होने की आशंका है. हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए खुद ही मलबे को हटाना शुरू कर दिया था.

**शव यात्रा में 'योगी जी न्याय दो' के पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरे लोग**

# यूट्यूबर मानसी की मौत पर कानपुर में उबाल

**लखनऊ में कानपुर की रहने वाली मशहूर यूट्यूबर मानसी की ससुराल में हुई संदिग्ध मौत के बाद भारी हंगामा खड़ा हो गया है. नाराज परिजनों और हजारों स्थानीय लोगों ने कानपुर की सड़कों पर शव रखकर प्रदर्शन किया.**



कानपुर की मानसी की लखनऊ में मौत हुई थी. (Photo- ITG)

**रंजय सिंह, आजतक**

कानपुर के बाबू पुरवा निवासी मशहूर यूट्यूबर मानसी की 30 मई को लखनऊ के शहादतगंज स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और बेरहमी से मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है. लखनऊ पुलिस द्वारा मायके वालों के पहुंचने से पहले ही शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने और हत्या की रिपोर्ट न दर्ज करने से नाराज हजारों लोग कानपुर में सड़कों पर उतर आए. आक्रोशित लोगों ने बाबू पुरवा थाने के सामने शव रखकर जाम लगाया और फिर मानसी की अंतिम शव यात्रा में 'योगी जी न्याय दो' और 'हत्यारों को फांसी दो' के बड़े-बड़े पोस्टर लेकर श्मशान घाट तक मार्च किया. मानसी की शादी दो साल पहले लखनऊ के यूट्यूबर सागर से हुई थी. परिजनों के मुताबिक, 30 मई को उन्हें मानसी द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली. जब वे कानपुर से लखनऊ पहुंचे, तो पुलिस उनके आने से पहले ही शव को फंदे से उतारकर पंचनामा कर चुकी थी.

### मासूम बच्चे को छोड़ गई मानसी

**मृतका मानसी अपने पीछे छह महीने का एक मासूम बेटा छोड़ गई है. इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है और बगही से उठी अंतिम शव यात्रा में रोते-बिलखते लोग हाथों में बैनर लेकर दोषियों को फांसी देने की मांग कर रहे थे. इस पूरे हंगामे पर कानपुर के बाबू पुरवा थाना प्रभारी अरुण द्विवेदी ने सफाई देते हुए कहा कि यह पूरा मामला लखनऊ का है .**

**चेन लूटने वाले बदमाशों की कैमरे के सामने हेकड़ी**

## पुलिस कस्टडी में मूंछों पर ताव देते नजर आए 'अली और नाटे'

**आलमगीर,आजतक**



संत कबीर नगर की एसओजी और मेंहदावल पुलिस की संयुक्त टीम ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है. इनमें गोरखपुर निवासी मोहम्मद कामिल उर्फ अली और मोहम्मद अहमद उर्फ नाटे शामिल हैं. दोनों झपटमारी और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते थे. पुलिस ने जब इन्हें मीडिया के सामने पेश किया तो दोनों मूंछों पर ताव देते नजर आए. इसका वीडियो काफी वायरल हो रहा है. आपको बता दें कि इन शातिर अपराधियों ने बीती 23 मई को ग्राम अछिया में एक महिला से पानी मांगने के बहाने उसके गले से सोने की चेन झपटने की वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों को धर दबोचा और उनके पास से भारी मात्रा में गांजा, नकदी, मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किए.

**मथुरा में 'इंजीनियर बाबा' गिरफ्तार**

## बीटेक-एमटेक युवतियों का ब्रेनवाश कर करता था शोषण

**मदन गोपाल शर्मा, आजतक**




मथुरा के थाना गोवर्धन पुलिस ने युवतियों और महिलाओं का ब्रेनवाश कर उनका शोषण करने वाले साधु वेषधारी आरोपी बाबा अभिषेक मिश्रा उर्फ आदि कर्ता को गिरफ्तार कर लिया है. मूल रूप से भुवनेश्वर (उड़ीसा) का रहने वाला 30 वर्षीय मैकेनिकल इंजीनियर अभिषेक मिश्रा पिछले 3 साल से गोवर्धन में रह रहा था.
वह ऑनलाइन माध्यम से भजन-कीर्तन मंडली बनाकर बीटेक और एमटेक पास युवतियों को अच्छे पैकेज का झांसा देकर अपने जाल में फंसाता था. आरोपी उनका ब्रेनवाश कर जबरन विवाह रचाता था और उनका शोषण करता था. उसके मोबाइल से 25 से 30 अश्लील फोटो भी पाए गए हैं. उसने दर्जन भर से अधिक युवतियों को अपने जाल में फंसा रखा था. पकड़ा गया आरोपी कोई अनपढ़ अपराधी नहीं, बल्कि एक मैकेनिकल इंजीनियर है.

**बीपीएससी शिक्षिका नयनश्री से शादी करने के लिए राखी ने बदला अपना जेंडर**

## पढ़ाई के बहाने पटना गईं दो बहनें रचा बैठीं ब्याह

**राकेश कुमार सिंह, आजतक**



दोनों बहनों की आपस में शादी बिहार में चर्चा का विषय बन गई है. (Photo : ITG)

पांच साल पहले दो बहनें एक साथ पढ़ाई के लिए घर से निकली थीं. परिवार को उम्मीद थी कि दोनों पढ़-लिखकर अपना करियर बनाएंगी. समय के साथ एक ने बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी हासिल कर ली. इसी दौरान दोनों के बीच का रिश्ता भी गहरा होता गया.

अब बिहार के जमुई जिले में इन दोनों की शादी चर्चा का विषय बनी हुई है, क्योंकि परिजनों के अनुसार विवाह से पहले एक युवती ने जेंडर परिवर्तन कराकर अपना नाम राखी से राहुल रख लिया और फिर मंदिर में दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली. मामला बिहार के जमुई जिले का है. जानकारी के अनुसार बीपीएससी शिक्षिका नयनश्री ने अपनी रिश्ते की बहन राखी कुमारी से शादी कर ली. बताया जा रहा है कि शादी से पहले राखी ने अपना जेंडर परिवर्तन कराया और उसके बाद राहुल नाम अपना लिया.

## दो हत्याओं से दहला न्यू उस्मानपुर, फायरिंग से दहशत

**हिमांशु मिश्रा, आजतक**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर हत्या और फायरिंग की तीन गंभीर घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी. लगातार हुई इन वारदातों के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं. पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुटी हुई है. पुलिस लगातार छापेमारी कर रही हैं. फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से घटनास्थलों से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं.

## खबरें और भी

### कोर्ट में चिल्लाई ट्विशा की सास, कहा-कुछ नहीं पता

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में 29 मई को एक महत्वपूर्ण मोड़ आया, जब सीबीआई ने ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह को 2 जून तक अपनी रिमांड में ले लिया. रिमांड में दोनों से सवाल जवाब हुए और क्राइम रिक्रिएशन के लिए घर पर भी लाया गया.

### कारोबारी की पत्नी की गला रेतकर हत्या

**सहारनपुर:** सहारनपुर के नकुड़ थाना क्षेत्र के अंबेहटा कस्बे में सोमवार को हुई एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. यहां मुख्य बाजार के स्पेयर पार्ट्स कारोबारी संजय मित्तल की 60 वर्षीय पत्नी पूनम मित्तल की उनके ही घर में निर्मम हत्या कर दी गई.

### गांजा बेचने के विरोध में युवक की हत्या

**चेन्नई:** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के टोंडियारपेट से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां गांजे की बिक्री का विरोध करने पर एक 24 वर्षीय युवक की बेहरमी से हत्या कर दी गई. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

### सेक्स रैकेट केस में 3 महिलाओं समेत 4 अरेस्ट

**बेंगलुरु:** बेंगलुरु पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. चारों पर शहर के कुछ हिस्सों में किराए के घरों से वेश्यावृत्ति का रैकेट चलाने का आरोप है. गिरफ्तार चार आरोपियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

### सनक में पत्नी को दिखाया तमंचा,पहुंचा जेल

**इटावा:** इटावा से ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस, मेडिकल स्टाफ को हैरान कर दिया. यहां एक युवक की सेंट्रल जेल देखने की सनक उसे सीधे जेल तक ले गई. जेल जाने के लिए उसने अपनी ही पत्नी को तमंचा दिखाकर धमकाया और फिर खुद ही पुलिस चौकी पहुंच गया.

### पत्नी से तंग आकर इंजीनियर ने दी जान

**अलवर:** अलवर के राजगढ़-मालाखेड़ा रेल मार्ग के मध्य स्थित ढिगावडा रेलवे स्टेशन के समीप एक इंजीनियर ने पत्नी व उसके परिजनों से परेशान होकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली. सूचना पर राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शव को कब्जे में लेकर राजगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में पहुंचाया.

आज तक

संपादक की कलम से

## मिशन इंपॉसिबल

गर्मी का मौसम हमेशा की तरह इस बार भी जल संकट लेकर आया है. देश के कई हिस्सों में पानी की कमी लाजिमी है. लेकिन आजाद भारत की 79वीं वर्षगांठ के निकट ऐसी खबरें और तस्वीरें किसी सभ्य, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की छवि को तोड़ देती हैं. राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के खरवाड़ा गांव की खबर कुछ ऐसी ही है जिसे देखकर हमारा सिर शर्म से झुक जाना चाहिए. यहां के करीब 15 आदिवासी परिवारों की जिंदगी पानी की तलाश में बीत रही है. लोग 3 से 5 किलोमीटर दूर पहाड़ियों से गधों पर बर्तन लादकर या सिर पर मटके रखकर पानी ला रहे हैं. पानी के लिए महिलाएं और बच्चे पथरीले रास्तों पर कई किलोमीटर पैदल चलते हैं. जल जीवन मिशन के बावजूद गांव तक पाइपलाइन नहीं पहुंची है. पास ही पानी की टंकी बनी है, पर बस्ती तक कनेक्शन नहीं है. यह एक विडंबना ही है. इसी तरह देश के अन्य हिस्सों से भी पानी की कमी की खबरें और तस्वीरें आई हैं. राजधानी दिल्ली में टैंकरों पर सैकड़ों लोगों की भीड़, मध्यप्रदेश के कुओं में पानी के लिए सैकड़ों पाइपें डालने की वायरल होतीं तस्वीरें, कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाते बच्चे-बूढ़े आदि को देखकर यही लगता है कि हमें अभी विकसित राष्ट्र बनने में सदियां लग जाएंगी. जल जीवन मिशन (JJM) 2019 में शुरू हुआ था. लक्ष्य था 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रगति हुई है.

### दर्शन


मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये |यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वत: || 3||

**भाव- हजारों में से कोई एक मनुष्य आध्यात्मिक सिद्धि के लिए प्रयत्न करता है और सिद्धि प्राप्त करने वालों में से कोई एक विरला ही वास्तव में मुझे जान पाता है.**

**श्लोक - 03, अध्याय -7, श्रीमद्भगवद्गीता**

# 'कॉकरोच पार्टी' की हकीकत

**'कॉकरोच पार्टी' का आंदोलन आम युवाओं का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है, लेकिन यह मुख्य रूप से अंग्रेज़ी बोलने वाले, शहरी और हर समय ऑनलाइन रहने वाले लोगों द्वारा संचालित है, जबकि ग्रामीण युवा, प्रवासी मज़दूर और डिजिटल पहुंच से वंचित लोग इसमें लगभग नदारद ही रहते हैं.**




**अनिल भसीन** | स्तंभकार

अभिजीत दीपिके की "कॉकरोच जनता पार्टी" हमें यह तो बताती है कि भारत के युवा कितने नाराज और तंग आ चुके हैं. मजाक और व्यंग्य के तौर पर यह शानदार काम करती है. लेकिन जब बात असली राजनीति की आती है, तो इसके सामने कई गंभीर समस्याएं नजर आती हैं और यही फर्क मायने रखता है. हम उस दौर में हैं, जहां डिजिटल स्पेस में किसी चीज का वायरल होना ही क्रांति का पैमाना बन चुका है, लेकिन इतिहास गवाह है कि महज आक्रोश से कभी भी स्थायी तब्दीली नहीं आती.

'कॉकरोच पार्टी' ने युवाओं के भीतर पनप रहे असली दर्द और परेशानियों को बेबाकी से सामने तो रखा, लेकिन यह भी दिखा दिया कि जब कोई आंदोलन ठोस और व्यावहारिक एजेंडे की जगह सिर्फ प्रतीकों और परफॉर्मेंस के इर्द-गिर्द सिमट जाता है, तो वह बदलाव लाने के बजाय सिर्फ एक तमाशा बनकर रह जाता है. पूरा आंदोलन तंज, व्यंग्य और मीम्स पर चलता है. इससे लोगों का ध्यान जरूर खींचा जा सकता है, लेकिन किसी देश को सिर्फ चुटकुलों के सहारे नहीं चलाया जा सकता. एक वक्त के बाद मुश्किल सवालों के जवाब देने ही पड़ते हैं. नौकरियां कैसे पैदा होंगी? अर्थव्यवस्था को लेकर क्या योजना है? टैक्स, पुलिस सुधार या विदेश नीति पर क्या सोच है? कॉकरोच पार्टी इन सवालों से ज्यादातर बचती हुई नजर आती है और यह कोई संयोग नहीं है. अस्पष्टता का फायदा यह होता है कि हर कोई साथ बना रहता है. जैसे ही कोई ठोस स्टैंड लिया जाता है, मतभेद शुरू हो जाते हैं. एक खतरा यह भी है कि यह आंदोलन लोगों को लगातार नकारात्मक और निराशावादी बना सकता है.

**सोशल मीडिया किसी आंदोलन को बहुत विशाल दिखा सकता है. लेकिन ऑनलाइन लोकप्रियता उतनी ही तेजी से गायब भी हो जाती है, जितनी तेजी से आती है. अगला वायरल मुद्दा आते ही लोग पुराने मुद्दे भूल जाते हैं.**

सरकार की आलोचना करना लोकतंत्र के लिए जरूरी है, लेकिन लोकतंत्र को ऐसे लोगों की भी जरूरत होती है जो मानें कि हालात सुधर सकते हैं. जब अदालतें, मीडिया, चुनाव और विश्वविद्यालय जैसी हर संस्था सिर्फ मज़ाक का विषय बन जाए, तो लोग उन्हें सुधारने की कोशिश ही छोड़ देते हैं. यह बगावत नहीं, बल्कि हार मान लेना है.

आंदोलन दावा करता है कि वह संघर्ष कर रहे आम युवाओं की आवाज़ है. लेकिन जरा देखिए कि इसे आगे बढ़ाने वाले लोग कौन हैं. ज्यादातर अंग्रेज़ी बोलने वाले, शहरों में रहने वाले और लगातार ऑनलाइन रहने वाले युवा. भारत के गांवों के युवा, प्रवासी मजदूर और वे लोग जिनके पास स्मार्टफोन तक नहीं हैं, इस तस्वीर में लगभग गायब हैं. इंटरनेट पर लोकप्रिय होना और जमीनी समर्थन हासिल करना, दोनों अलग-अलग बातें हैं. दूसरी बड़ी समस्या यह है कि यह लगभग एक व्यक्ति का शो बनकर रह गया है. इस आंदोलन के इर्द-गिर्द जितनी चर्चा है, उसका बड़ा हिस्सा खुद डिपके को लेकर है. जो आंदोलन किसी एक चेहरे पर टिके होते हैं, वे उस व्यक्ति के लड़खड़ाते ही बिखरने लगते हैं. असली राजनीतिक संगठनों को ढांचा चाहिए, प्रशिक्षित लोग चाहिए और साफ विचारधारा चाहिए. सिर्फ करिश्माई चेहरा काफी नहीं होता.

# वैभव का घर, जहां सुकून से ज्यादा दस्तकें हैं

**विश्व मोहन मिश्र** | आजतक

समस्तीपुर के ताजपुर स्थित मोतीपुर में खड़ा यह घर इन दिनों सिर्फ एक मकान नहीं, एक आकर्षण बन चुका है.

दूर से ही अपनी चमकदार पिंक रंगत के कारण नजरों को खींच लेने वाला यह घर किसी फिल्मी सेट जैसा नहीं, बल्कि एक ऐसे सपने का पता है, जिसने गांव की गलियों से निकलकर आईपीएल के सबसे बड़े मंच तक का सफर तय किया है. राजस्थान रॉयल्स के आधिकारिक रंग पिंक में रंगा यह घर मानो अपने मालिक की कहानी खुद कहता है. खुले आंगन, पेड़ों की छांव और गांव की सहज सादगी के बीच खड़ा यह मकान बताता है कि बड़े सपनों की शुरुआत अक्सर छोटे घरों से होती है. कुछ महीने पहले तक यह घर मोतीपुर की एक सामान्य पहचान था. आज यह एक क्रिकेट तीर्थ जैसा बन गया है. लोग यहां सिर्फ एक मकान देखने नहीं आते, वे उस कहानी को देखने आते हैं... जिसने भारतीय क्रिकेट को एक नया चेहरा दिया है. कोई उस छत को देखना चाहता है, जहां अभ्यास हुआ होगा, कोई उस आंगन को जहां बल्ले की पहली आवाज गूंजी होगी, तो कोई उस दरवाजे के सामने खड़े होकर तस्वीर लेना चाहता है जहां से आईपीएल का नया सितारा निकला.



आईपीएल 2026 ने वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ एक प्रतिभाशाली बल्लेबाज नहीं, बल्कि देशभर में पहचाना जाने वाला चेहरा बना दिया है. करोड़ों लोगों की नजरें अब उन पर हैं. यही वजह है कि उसके घर का दरवाजा अब शायद ही कभी शांत रहता हो.

### इतिहास में आज

**जब भारत की आजादी की घोषणा हुई**

JUNE 03

**3 जून 1947 को भारत के तत्कालीन गवर्नर-जनरल और वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने एक प्लान पेश किया था. जिसमें भारत की स्वतंत्रता और बंटवारे का प्रस्ताव था. इसे माउंटबेटन प्लान के नाम से जाना जाता है. 3 जून को माउंटबेटन ने रेडियो पर राष्ट्र को संबोधित किया. उन्होंने अपनी 3 जून योजना की घोषणा की. इस घोषणा के अनुसार भारत को 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र करने का ऐलान किया गया था.**


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999
₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS
Study Headphones with Mic
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

| SENSEX | | NIFTY 50 | | USD TO RUPEE | POUND TO RUPEE | EURO TO RUPEE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 74,649.84 | +382.50 +0.52% | 23,483.55 | +100.95 +0.43% | ₹95.29 | 128.40 | ₹111.02 |

## टाटा ग्रुप में बढ़ेगा माया का कद



मुंबई, आजतक

टाटा ग्रुप में एक बड़ी जिम्मेदारी रखने वाली और हजारों करोड़ का बिजनेस देखने वाली नोएल टाटा की बेटी माया टाटा की एक बार फिर चर्चा होने लगी है. माया टाटा टाटा ग्रुप में टाटा डिजिटल का कारोबार देखती हैं, जिसमें टाटा संस ने 24000 करोड़ रुपये का निवेश किया है. टाटा डिजिटल के स्वामित्व में बिगबास्केट, टाटा न्यू, क्रोमा और टाटा 1MG जैसी संपत्तियां हैं. अब माया टाटा कथित तौर पर टाटा डिजिटल से बाहर निकलने के विकल्पों पर विचार कर रही हैं, लेकिन वहीं उन्हें एक और बड़ी जिम्मेदारी भी मिल सकती है.

### भारतीय शेयर बाजार को एक और झटका, वैश्विक रैंकिंग में सातवें स्थान पर खिसका

# AI ने बदला ग्लोबल मार्केट का गणित

**भारत का शेयर बाजार वैश्विक रैंकिंग में सातवें स्थान पर खिसक गया है. दक्षिण कोरिया $5 ट्रिलियन मार्केट कैप के साथ छठे स्थान पर पहुंच गया है. एआई और चिप निर्माण में मजबूत पकड़ के कारण कोरिया और ताइवान ने भारत को पछाड़ा है.**





ताइवान के बाद साउथ कोरिया का बाजार भारत से बड़ा हो गया है.

मुंबई, आजतक

भारत के लिए एक और बुरी खबर आई है. दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजारों की लिस्ट में भारतीय शेयर बाजार एक पायदान और नीचे आ गया है. बीते दिनों दिल्ली से भी कम आबादी वाले छुटकू देश ताइवान ने मार्केट वैल्यू के लिहाज से भारतीय बाजार को पीछे छोड़ा था, तो अब साउथ कोरिया के शेयर बाजार ने इसे पछाड़ दिया है और छठा सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया है, जबकि भारत अब सातवें पायदान पर खिसक गया है. ताइवान स्टॉक मार्केट ने भारत को दुनिया के टॉप-5 सबसे बड़े शेयर बाजारों की लिस्ट से बाहर किया था, तो वहीं अब एक अन्य एशियाई इकोनॉमी साउथ कोरिया भारत से आगे निकल गई है और भारत लिस्ट में एक पायदान और नीचे आ गया है. ब्लूमबर्ग के आंकड़ों पर नजर डालें, तो साउथ कोरियाई मार्केट में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन इस वर्ष 86% बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि इसकी तुलना में भारतीय शेयर बाजार की वैल्यू कम होकर 4.8 ट्रिलियन डॉलर रह गई है. दलाल स्ट्रीट के लिए ये बेहद कम समय में दूसरा बड़ा झटका है, जो पहले से ही विदेशी निवेशकों की तगड़ी बिकवाली, रुपये में तेज गिरावट, बढ़ती एनर्जी कॉस्ट और धीमी इनकम ग्रोथ से जूझ रही है. शेयर बाजार की वैल्यू का ये अंतर इसलिए भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था साउथ कोरिया की अर्थव्यवस्था से दोगुनी से भी बड़ी है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी IMF के अनुमानों को देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था इस वर्ष लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है.

### AI की दम पर ताइवान, साउथ कोरिया आगे

भारत के साथ ये पूरा खेला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI ने किया है. एआई के बढ़ते इस्तेमाल से साउथ कोरिया को जबर्दस्त फायदा पहुंच रहा है और उसकी रैंकिंग में तगड़ा सुधार हो रहा है. ब्लूमबर्ग के मुताबिक, आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनियों सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स देश के शेयर बाजार में तेजी लाने वाली ताकत बनी हैं.



### 'फूडली' का कमाल

जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में आरटी कॉर्प के सहयोगी रोबोट 'फूडली' ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया. यह रोबोट खाद्य पदार्थों को पहचानने, उठाने और व्यवस्थित करने जैसे कार्यों में सहायता करता है. खाद्य उद्योग में स्वचालन और AI के बढ़ते उपयोग को दर्शाने वाली इस तकनीक का उद्देश्य उत्पादन प्रक्रिया को अधिक कुशल और सटीक बनाना है. Photo: Reuters)

### अफवाहों के आधार पर निवेश करना जोखिम

## सोना-चांदी को लेकर बदले रॉबर्ट कियोसाकी के सुर

नई दिल्ली, आजतक



मशहूर किताब रिच डैड पुअर डैड के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी सोशल मीडिया पर खासे एक्टिव रहते हैं और आए दिन निवेश की सलाह देते रहते हैं. अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (अब X) पर उनका नया पोस्ट वायरल हो रहा है. जिसमें उन्होंने फाइनेंशियल प्लानिंग करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है. इसके साथ ही अक्सर सोना-चांदी और बिटक्वाइन में पैसे लगाने की सलाह देने वाले कियोसाकी के सुर अब इन एसेट्स को लेकर भी बदले हुए नजर आ रहे हैं. रॉबर्ट कियोसाकी ने अपनी इस नई पोस्ट में लिखा, 'जब फाइनेंशियल प्लानर आपसे कहें कि अमेरिकी बॉन्ड सुरक्षित हैं और इनमें निवेश कीजिए, तो ध्यान रखें उनकी बातों पर आंख मूंदकर बिल्कुल भी भरोसा न करें, क्योंकि यहां सुरक्षित कुछ भी नहीं है.' उनके मुताबिक, ऐसा करना आपके लिए बड़े नुकसान का सबब बन सकता है.

### कंप्यूटर बन जाएगा रोबोट

## एनवीडिया की चिप ऐपल और इंटेल के छुड़ाएगी पसीने

नई दिल्ली, आजतक



दुनिया की सबसे बड़ी AI चिप कंपनी एनवीडिया ने एक ऐसा नया चिप लॉन्च किया है, जो आने वाले समय में पर्सनल कंप्यूटर की दुनिया बदल सकता है. एनवीडिया के CEO जेनसन हुआंग ने दावा किया है कि यह पिछले 40 साल में कंप्यूटर की दुनिया का सबसे बड़ा बदलाव हो सकता है. दरअसल, कंप्यूटेक्स 2026 इवेंट में एनवीडिया ने अपना नया RTX Spark चिप पेश किया है. यह सिर्फ एक ग्राफिक्स चिप नहीं है, बल्कि पूरा सिस्टम-ऑन-चिप है. यानी CPU, GPU और AI प्रोसेसिंग की ताकत एक ही चिप में मिलेगी. इसी वजह से इसे सुपरचिप भी कहा जा रहा है. सबसे दिलचस्प हिस्सा सिर्फ नया चिप नहीं, बल्कि उसका विजन है. अब तक हम कंप्यूटर पर ऐप खोलते थे, माउस से क्लिक करते थे और कीबोर्ड से कमांड देते थे.

### ऊबर-ओला को मिलेगी कड़ी चुनौती!

## दिल्ली में 5 जून से शुरू होगी नई कैब सर्विस

अश्विन सत्यदेव, आजतक




ग्रीन SM वियतनाम के अलावा कई देशों में कैब सर्विस चलाती है. (Photo: greensm)

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है और अब इस क्षेत्र में एक और बड़ा विदेशी खिलाड़ी एंट्री करने जा रहा है. वियतनाम की दिग्गज कंपनी विनग्रुप अपनी इलेक्ट्रिक टैक्सी सर्विस ग्रीन-SM को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च करने की तैयारी में है. कंपनी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दिल्ली के भारत मंडपम में एक स्पेशल इवेंट के दौरान इस सर्विस की औपचारिक घोषणा करेगी. माना जा रहा है कि ग्रीन-SM की एंट्री से ओला, उबर और रैपिडो जैसे कैब सर्विस एग्रीगेटर्स को कड़ी चुनौती मिलेगी. पिछले कुछ हफ्तों से दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर चमकीले हरे रंग की ग्रीन-SM की गाड़ियां कई बार देखी जा चुकी हैं. इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने यह भी दावा किया है कि वे ग्रीन-SM ऐप के जरिए अकाउंट बनाकर उन्होंने राइड भी बुक की है. इससे साफ है कि कंपनी लॉन्च से पहले अपने नेटवर्क और सर्विसेज की टेस्टिंग कर रही है.

ग्रीन स्मार्ट मोबिलिटी, जो पहले से वियतनाम और कुछ अन्य देशों में अपनी सर्विसेज दे रही है, भारत में विनफास्ट लिमो ग्रीन-MPV का इस्तेमाल करेगी. यह इलेक्ट्रिक कार हाल ही में भारतीय बाजार में लॉन्च की गई है.

### पहले फिटनेस साबित करो, फिर टीम इंडिया में सेलेक्शन

# हार्दिक पंड्या-रोहित शर्मा को BCCI का अल्टीमेटम

**अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा की फिटनेस पर सस्पेंस बना हुआ है. BCCI ने दोनों खिलाड़ियों को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में रिपोर्ट करने को कहा है.**



हार्दिक-रोहित की फिटनेस पर BCCI सख्त. (Photo: BCCI)

**मुंबई, आजतक**

अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को अपनी फिटनेस साबित करनी होगी. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने साफ कर दिया है कि अंतिम एकादश में जगह से पहले उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) से फिटनेस क्लियरेंस हासिल करना होगा.

हार्दिक पंड्या को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल तो किया गया है, लेकिन उनके नाम के साथ फिटनेस संबंधी शर्त भी जोड़ी गई है. रिपोर्ट के मुताबिक हार्दिक 2 जून को बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे और सीरीज शुरू होने से पहले वहां एक सप्ताह से अधिक समय बिताएंगे. इस दौरान 32 वर्षीय ऑलराउंडर को फिटनेस ड्रिल, फिजिकल असेसमेंट से गुजरना होगा.

सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही उन्हें RTP (Return To Play) मंजूरी मिलेगी. इसके बाद ही अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला लिया जाएगा. हार्दिक के लिए यह फिटनेस टेस्ट इसलिए भी अहम है क्योंकि IPL 2026 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए उन्हें पीठ में ऐंठन की समस्या हुई थी.

इसी वजह से वह टूर्नामेंट के दौरान कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे. उनका आखिरी वनडे मुकाबला ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ था.




**रफ्तार और रोमांच**

उत्तराखंड की खूबसूरत नीति घाटी में आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के समापन अवसर पर खेलों का रोमांच देखने को मिला. गमसाली से मलारी तक 30 किलोमीटर की माउंटेन बाइकिंग चुनौती में प्रतिभागियों ने कठिन पहाड़ी रास्तों और चुनौतीपूर्ण भूभाग का सामना किया. पर्यटन विभाग के इस आयोजन का उद्देश्य साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना और हिमालयी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है. (Photo: PTI)

## बेमिसाल विराट

**अनुग्रह मिश्रा, आजतक**

मंच बड़ा था, मैदान बड़ा था और मुकाबला उससे कहीं ज्यादा बड़ा. लेकिन सामने खड़े खिलाड़ी का कद भी कम बड़ा नहीं था. नाम है विराट कोहली. रविवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ IPL फाइनल में कोहली की 75 रनों की नाबाद पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अनुभव बोलता है. कोहली ने 178 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे. विराट ने अपने IPL करियर का सबसे तेज पचासा भी इसी पारी में जड़ा, मतलब कि सबसे बेहतर को इस खास मौके के लिए बचा कर रखा था. विराट की दमदार पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार IPL का खिताब अपने नाम किया. CSK और MI के बाद आरसीबी ऐसा करने वाली तीसरी टीम बन गई है. कोहली को इस बेजोड़ पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया. लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि मैदान पर आक्रामकता दिखाने वाले कोहली जब छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरे तो उन्होंने मैदान पर अपार धैर्य का परिचय दिया. यह पारी वैभव सूर्यवंशी के 200-300 के स्ट्राइक रेट जैसी नहीं थी, जिसमें हवाई शॉट्स की बौछार हो और गेंदबाजों में हाहाकार हो.




लेकिन इस पारी में कोहली ने गजब की टैक्निक और जज्बा दिखाया. गुजरात के 155 रनों का पीछा करने उतरे कोहली ने पावरप्ले का पूरा इस्तेमाल किया और शुरुआत में ओपनर वेंकटेश अय्यर के साथ मिलकर तेजी से रन जोड़े. लेकिन फिर मिडिल ऑर्डर में देवदत्त पडिक्कल, कप्तान रजत पाटीदार, क्रुणाल पंड्या के विकेट जल्दी गिरते ही अपनी बैटिंग का गियर भी बदल लिया. कोहली ने पूरे रनचेज के दौरान एक छोर को मजबूती से संभाले रखा. बीच में एक मौका आया, जब गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने उनका कैच लपका, लेकिन गेंद जमीन को छू गई थी. आखिरकार छक्का जड़कर विराट ने अपनी टीम को जीत दिलाई और लक्ष्य को 18 ओवरों में ही हासिल कर लिया. फाइनल के हाई प्रेशर मैच में यह छोटा लक्ष्य भी मुश्किल हो सकता था, अगर मैदान पर कोहली जैसा बड़ा प्लेयर नहीं होता. आईपीएल 2026 की बात करें तो साल 2016 के बाद रनों के लिहाज से यह कोहली के लिए तीसरा सबसे बेहतरीन सीजन रहा.

### प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद

# IPL चैम्पियन बन भक्ति में डूबे विराट कोहली

**मथुरा, आजतक**

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपनी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार (2 जून) को वृंदावन पहुंचे.

इस दौरान दंपति ने ब्रज के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया. विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने वृंदावन स्थित राधा केलि कुंज आश्रम में पहुंचकर प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए. आश्रम में दोनों ने संत के साथ कुछ समय बिताया और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया. उनकी यात्रा को लेकर आश्रम परिसर और श्रद्धालुओं के बीच खास उत्साह देखने को मिला. विराट और अनुष्का इससे पहले भी कई बार वृंदावन आ चुके हैं और दोनों की आध्यात्मिक गतिविधियों में गहरी रुचि रही है. खास अवसरों पर यह जोड़ी संतों और धार्मिक स्थलों के दर्शन करती रही है. एक बार फिर दोनों ने वृंदावन पहुंचकर प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लिया.

इस दौरान आश्रम में मौजूद लोगों ने विराट और अनुष्का की एक झलक पाने की कोशिश की. उनकी यात्रा से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से साझा किए जा रहे हैं, जिन्हें फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं. वृंदावन पहुंचे कोहली और अनुष्का का लुक भी इस दौरान चर्चा में रहा. कोहली ब्राउन कलर का शॉर्ट कुर्ता और ऑफ व्हाइट कलर की पैन्ट पहनकर पहुंचे.


IPL चैंपियन बनकर विराट कोहली, पत्नी अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे. (Photo: ITG)

## टीम इंडिया में आकिब नबी की एंट्री

**नई दिल्ली, आजतक**

अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से मुल्लांपुर में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से पहले जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी भारतीय टीम कैम्प से जुड़ गए हैं. हालांकि उन्हें अभी आधिकारिक टेस्ट स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक वह बैकअप खिलाड़ी के रूप में शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं. आकिब का टीम इंडिया कैम्प में शामिल होना इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि टेस्ट टीम के ऐलान के समय BCCI की सेलेक्शन कमेटी को उनके नाम को लेकर ट्रोल होना पड़ा था.

31 अक्टूबर तक कर्क राशि में रहकर देवगुरु दिखाएंगे अपना महाप्रताप

# गुरु के गोचर से मचेगी उथल-पुथल

**देवगुरु बृहस्पति मिथुन से अपनी सबसे मजबूत कर्क राशि में प्रवेश कर रहे हैं. 31 अक्टूबर तक रहने वाले इस महापरिवर्तन से वैश्विक अर्थव्यवस्था, शेयर बाजार और मौसम में बड़े बदलाव आएंगे, जबकि सभी राशियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा.**



ज्योतिष में जीवन में जो बड़े परिवर्तन होते हैं वो दो ग्रहों पर निर्भर करते हैं, शनि का साथ और बृहस्पति की कृपा. बृहस्पति ने मंगलवार को अपनी चाल में परिवर्तन किया, और ये परिवर्तन महापरिवर्तन है. इस परिवर्तन का देश दुनिया पर और राशियों पर सीधा सीधा असर पड़ेगा. दरअसल, बृहस्पति देव अभी तक मिथुन राशि में विद्यमान हैं. अब बृहस्पति 2 जून यानी आज कर्क राशि में प्रवेश कर जाएंगे और कर्क राशि में 31 अक्टूबर तक रहेंगे. ये बृहस्पति की सबसे मजबूत स्थिति है. बृहस्पति के लिहाज से ये गुरु की सबसे मजबूत राशि है तो बृहस्पति कर्क में प्रवेश करके सारे ग्रहों में सबसे ज्यादा ताकतवर हो जाएंगे. और इसलिए इस परिवर्तन को महापरिवर्तन कहा जा रहा है क्योंकि अब बृहस्पति अपने सबसे मजबूत स्थिति में रहेंगे. बृहस्पति वैसे तो एक राशि में लगभग 1 वर्ष तक रहते हैं लेकिन अतिचारी होने की वजह से बृहस्पति 2 जून यानी आज से लेकर 31 अक्टूबर तक कर्क राशि में विद्यमान रहेंगे. बृहस्पति के इस परिवर्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ेगा जैसे प्रकृति की बेमौसम बारिश, प्रचंड गर्मी, बेवजह की आग लगना, प्रकृति में उपद्रव होना और भूकंप आना. दूसरा है कि बृहस्पति वित्त कोष के स्वामी है तो बृहस्पति के इस परिवर्तन का प्रभाव बाजार पर, शेयर मार्केट पर, फाइनेंशियल मार्केट पर, ज्यादा पड़ सकता है. बृहस्पति के इस परिवर्तन का असर सिर्फ व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बड़े बदलाव दिख सकते हैं. जैसे जलवायु में अस्थिरता बढ़ेगी यानी कभी तेज गर्मी तो कभी अचानक भारी बारिश. भूकंप, आग और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ सकती हैं. वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव रहेगा. शेयर बाजार और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता देखने को मिल सकती है. महंगाई बढ़ने की संभावना. धार्मिक मामलों में तेजी और विवाद भी बढ़ सकते हैं. पंडित शैलेंद्र पांडेय के मुताबिक देवगुरु बृहस्पति के गोचर से सभी राशियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा. इसे एक-एक कर समझते हैं.


**मेष राशिः** इस दौरान स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें.

तीन राशियों की लगेगी लॉटरी

## पुष्य नक्षत्र में आएंगे गुरु, भाग्य होगा प्रबल

ज्योतिष शास्त्र में भाग्य और संतान के कारक गुरु ग्रह का गोचर अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है. वर्तमान में गुरु धीमी गति से चलते हुए कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं. पंचांग के अनुसार, अभी गुरु पुनर्वसु नक्षत्र में स्थित हैं, लेकिन जल्द ही वे अपना नक्षत्र परिवर्तन करेंगे. 18 जून, 2026 की रात 9:32 बजे गुरु शनि के स्वामित्व वाले पुष्य नक्षत्र में गोचर करेंगे और 18 अगस्त तक इसी नक्षत्र में विराजमान रहेंगे. शनि के नक्षत्र में गुरु का यह गोचर कुछ राशियों के लिए विशेष लाभ और सकारात्मक बदलाव लेकर आ रहा है.

**धनु राशिः** धनु राशि के जातकों के लिए गुरु का यह नक्षत्र परिवर्तन अत्यंत शुभ माना जा रहा है. गुरु के प्रभाव से आपको बैंक बैलेंस बढ़ाने के नए मौके मिलेंगे. विद्यार्थियों के लिए यह



समय विशेष रूप से फलदायी है. प्रोफेशनल लाइफ में करियर के नए रास्ते खुलेंगे. आप सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहेंगे.

**कर्क राशिः** कर्क राशि के लोगों के लिए शनि के पुष्य नक्षत्र में गुरु का गोचर बेहद लाभदायक सिद्ध होगा. आपका मन धार्मिक गतिविधियों में अधिक लगेगा. लव लाइफ सुखद रहेगी, लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने में आप सक्षम होंगे. नौकरीपेशा लोगों की पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

गरुड़ पुराण में जिक्र

## अंतिम संस्कार के बाद पीछे मुड़कर क्यों नहीं देखना चाहिए?



गरुड़ पुराण में भगवान विष्णु ने गरुड़ को प्राणियों की मृत्यु, यमलोक की यात्रा, नरक योनियों और सद्गति जैसे कई गहरे और रहस्यमयी विषयों पर विस्तार से बताया है. इन्हीं में एक महत्वपूर्ण नियम यह भी बताया गया है कि किसी व्यक्ति का दाह संस्कार करने के बाद उसके परिजनों को श्मशान घाट की ओर पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए. आखिर इसके पीछे क्या धार्मिक कारण है? आपने अक्सर सुना होगा कि यह जीवन एक किराए का घर है, जिसे एक दिन छोड़कर जाना ही पड़ता है. यानी हर किसी की मृत्यु निश्चित है. इसके बावजूद मनुष्य इस विषय पर बात करने से बचता है और मृत्यु शब्द से डरता है. महाभारत में युधिष्ठिर ने यक्ष से कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा आश्चर्य यही है कि मनुष्य रोज किसी न किसी को मरते हुए देखता है, लेकिन अपने मरने के बारे में कभी नहीं सोचता है, जबकि मृत्यु तो निश्चित है.

दरअसल, हमारा शरीर पांच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, से बना है और एक दिन इन्हीं में विलीन हो जाता है.

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने बताया

## पीरियड्स में मंदिर जाना चाहिए या नहीं?

मासिक धर्म यानी पीरियड्स को लेकर हिंदू धर्म में अनेकों परंपराएं और मान्यताएं चली आ रही हैं. कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के मुताबिक, इस दौरान महिलाओं को मंदिर नहीं जाना चाहिए, पूजा नहीं करनी चाहिए. मासिक धर्म से जुड़े इन नियमों का पालन आज के दौर की महिलाएं भी करती हैं. लेकिन इन बातों को नकारात्मक नजरिए से देखने के बजाय एक अलग दृष्टिकोण से समझना जरूरी है. दरअसल, पहले के समय में



मासिक धर्म के ये नियम इसलिए बनाए गए थे ताकि महिलाओं को इन दिनों में पूरा आराम मिल सके. क्योंकि पीरियड्स में महिलाओं का शरीर एकदम कमजोर हो जाता है. उस समय घर की जिम्मेदारियां बहुत होती थीं और महिलाएं सुबह से लेकर रात तक लगातार काम करती रहती थीं. ऐसे में ये 3 से 4 दिन उनके लिए आराम के दिन होते थे. कहा जाता है कि चौथे दिन स्नान करने के बाद महिला फिर से सामान्य कार्यों में लौट सकती है, जैसे रसोई का काम या परिवार की देखभाल आदि. लेकिन, धार्मिक कार्यों यानी पूजा-पाठ वगैरह में पांचवें दिन से ही महिलाओं को शामिल होना चाहिए. धार्मिक ग्रंथों में इस बात का उल्लेख भी मिलता है कि पीरियड्स के दिनों के बाद शुद्धता के साथ दिनचर्या में वापस लौटना चाहिए.

## आज का राशिफल

**मेष**
मेष - समय अनुकूल बना रहेगा. परिस्थितियों का लाभ उठाने में आगे रहेंगे.

**वृषभ**
वृष - नकारात्मक एवं ठगवृत्ति के लोगों की बातों में नहीं आएं.

**मिथुन**
मिथुन - कारोबारी गतिविधियों में प्रभाव बढ़ा रहेगा. औद्योगिक कार्य उत्तम बना रहेगा.

**कर्क**
कर्क - स्वास्थ्य साधारण रहेगा. मेहनत से अपनी जगह बनाए रखने पर जोर होगा.

**सिंह**
सिंह - मित्रों के साथ समय बिताएंगे. परिचितों संग मिलकर कार्य करेंगे.

**कन्या**
अपनी चलाने की आदत से बचें. अहंकार व जिद से संबंध प्रभावित हो सकते हैं.

**तुला**
तुला - महत्वपूर्ण संवाद में सहजता बनाए रखेंगे. कामकाज संतुलित रहेगा.

**वृश्चिक**
वृश्चिक - घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी. महत्वपूर्ण चर्चाएं आगे बढ़ाएंगे.

**धनु**
धनु - महत्वपूर्ण कार्य गति पाएंगे. पहल पराक्रम बनाए रखेंगे.

**मकर**
मकर - वित्तीय योजनाओं में धैर्य दिखाएं. लेनदेन से पहले जांच पड़ताल कराएं.

**कुंभ**
कुंभ - आर्थिक उपलब्धियों को बढ़ावा मिलेगा. वाणिज्यिक कार्यों को गति देंगे.

**मीन**
मीन - कामकाज सक्रियता रखेंगे. कारोबार अपेक्षा से अच्छा रहेगा.

## आज का पंचांग

विक्रम संवत: 2083 (कालयुक्त)
शक संवत: 1948

**मास:** ज्येष्ठ (कृष्ण पक्ष)
**तिथि:** कृष्ण द्वितीया (लगभग शाम 05:25 PM तक)
**नक्षत्र:** उत्तराषाढ़ा (लगभग प्रातः 04:15 AM, 4 जून तक)
**योग:** शुक्ल योग (लगभग सुबह 09:20 AM तक)
**अशुभ काल / मुहूर्त:**
**राहुकाल:** लगभग 12:00 PM – 01:30 PM
**यमगण्ड काल:** लगभग 07:30 AM – 09:00 AM
**गुलिक काल:** लगभग 10:30 AM – 12:00 PM

### 50 दिन की मेहनत से लाखों की कमाई

# टसर रेशम से बदल रही नारायणपुर की तस्वीर

**धर्मेंद्र सिंह, किसान तक**

छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र नारायणपुर में टसर रेशम उत्पादन ग्रामीण और आदिवासी परिवारों की जिंदगी बदलने का माध्यम बनता जा रहा है.

कभी रोजगार की कमी के कारण पलायन करने को मजबूर रहने वाले ग्रामीण अब अपने गांव में ही रोजगार और सम्मानजनक आय प्राप्त कर रहे हैं.रेशम विभाग द्वारा संचालित 'टसर रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम' जिले में आजीविका का एक सफल मॉडल बनकर उभरा है, जिसने सैकड़ों परिवारों के जीवन में आर्थिक समृद्धि की नई उम्मीद जगाई है. नारायणपुर के अधिकांश ग्रामीण परिवार लंबे समय तक खेती और दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर रहे हैं. सीमित आय और रोजगार के अवसरों के अभाव में कई परिवारों को पलायन करना पड़ता था.लेकिन अब टसर रेशम उत्पादन ने उनकी आर्थिक स्थिति को नई मजबूती दी है. ग्रामीण अपने ही गांव और जंगलों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं.
रेशम विभाग ने इस योजना को पूरी तरह किसान और हितग्राही हितैषी बनाया है. विभाग द्वारा पौधारोपित क्षेत्रों में महिला एवं पुरुष स्व-सहायता समूहों के माध्यम से टसर कृमिपालन कराया जाता है. योजना के तहत ग्रामीणों को टसर कृमि के अंडे मात्र 2 रुपये की अनुदान दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं.

इससे उन्हें किसी प्रकार का बड़ा आर्थिक निवेश नहीं करना पड़ता.

अंडे प्राप्त होने के बाद हितग्राही लगभग 45 से 50 दिनों तक कृमियों की देखभाल करते हैं. निर्धारित समय के बाद पेड़ों पर तैयार होने वाले कोसाफल (ककून) किसानों की आय का प्रमुख स्रोत बनते हैं. योजना की सबसे बड़ी



विशेषता यह है कि ग्रामीणों को अपनी उपज बेचने के लिए बाजारों और व्यापारियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता.रेशम विभाग ने इसके लिए ककून बैंक की स्थापना की है. यहां शासन द्वारा निर्धारित दरों पर कोसाफल की खरीदी की जाती है. इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलता है और बिचौलियों द्वारा होने वाले शोषण की संभावना पूरी तरह समाप्त हो जाती है. भुगतान भी सीधे बैंक खातों में किया जाता है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है.

नारायणपुर जिले के ग्राम डूमरतराई स्थित टसर केंद्र इस योजना की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है.

### छत्तीसगढ़: फसल की लागत बढ़ी, नहीं मिल रहे खरीदार

# जंग की मार, फसल नष्ट करने की नौबत

**छत्तीसगढ़ के धमधा क्षेत्र में बागवानी किसानों पर बढ़ती लागत, डीजल की महंगाई, उर्वरकों की कमी और बाजार में अनिश्चितता का गहरा असर देखने को मिल रहा है, जिसके चलते किसानों को अपनी फसल तक नष्ट करनी पड़ रही है.**



**सुमी राजाप्पन, किसान तक**

छत्तीसगढ़ के धमधा क्षेत्र में बागवानी किसानों पर बढ़ते खर्च और बाजार में गिरती मांग का दोहरा संकट मंडरा रहा है. किसान मानते हैं कि हजारों किलोमीटर दूर चल रहे वैश्विक तनाव और युद्ध का असर अब सीधे उनके खेतों तक पहुंच चुका है. धमधा के किसानों का कहना है कि डीजल की कीमतों में उछाल, खेती में लगने वाले माल की महंगाई, खादों की कमी, बिजली की अनियमित आपूर्ति और बाजार में अनिश्चितता ने खेती की लागत को 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है. खेतों में खड़े करेला और पपीता किसानों की परेशानी साफ बयान करते हैं. किसानों के मुताबिक ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, मल्चिंग शीट और प्लास्टिक पाइप जैसे जरूरी सामान की कीमतों में भी भारी इजाफा हुआ है.

एक किसान ने बताया, "हर चीज महंगी हो गई है—डीजल, प्लास्टिक, सिंचाई का खर्च. अब सबसे बड़ी चिंता यह है कि जो पैसा लगाया है, वह वापस मिलेगा या नहीं." बागवानी की आधुनिक खेती में ड्रिप इरिगेशन और मल्चिंग तकनीक बेहद जरूरी होती है, लेकिन इनसे जुड़े उत्पाद पेट्रोकेमिकल से बनते हैं, जिनकी लागत बढ़ने से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. समस्या सिर्फ लागत तक सीमित नहीं है. किसानों का कहना है कि इस बार उनकी फसल समय पर बाजार तक नहीं पहुंच पाई.

**फसल देख किसान दुखी**

**किसान शेरसिंह कहते हैं, "हमें डर है कि कहीं फिर से फसल फेंकने की नौबत न आ जाए. हमें किसी तरह की कीमत की गारंटी मिलनी चाहिए." फसल बर्बादी की पुरानी यादें अभी भी किसानों के मन में ताजा हैं. कई किसान कहते हैं कि अगर बाजार में कीमत गिरती है, तो उनकी महीनों की मेहनत कुछ दिनों में खत्म हो सकती है. इस पूरे मामले में राज्य के कृषि मंत्री राम विचार नेताम से भी प्रतिक्रिया ली गई है, ताकि यह जाना जा सके कि सरकार किसानों की इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठा रही है.**



## गेहूं के दाने हो रहे छोटे और कमजोर, बढ़ता तापमान है वजह

### क्लाइमेट चेंज का असर

**आशुतोष मिश्रा, किसान तक**

जलवायु परिवर्तन का असर अब भारत की खाद्य सुरक्षा पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है. एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि बढ़ता तापमान, विशेष रूप से सर्दियों में गर्मी और रात के समय तापमान में वृद्धि, देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में उत्पादन और क्वालिटी दोनों को प्रभावित कर रही है. पर्यावरण पर नजर रखने वाली संस्था क्लाइमेट ट्रेंड्स द्वारा जारी रिपोर्ट "ह्वीट अंडर स्ट्रेस: क्लाइमेट चेंज, राइजिंग हीट एंड अडेप्टेशन पाथवेज इन इंडिया" में देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है. रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन दशकों में पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में गेहूं की वृद्धि दर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है.
रिपोर्ट बनाने वाली प्रमुख लेखिका और क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिसर्च लीड डॉ. पलक बल्यान कहती हैं कि "भारत के गेहूं उत्पादन के सामने सबसे कम पहचाने गए लेकिन गंभीर खतरों में से एक रात के तापमान में लगातार वृद्धि है. गर्म रातें पौधों में श्वसन प्रक्रिया बढ़ा देती हैं, जिससे अनाज बनने के लिए जरूरी कार्बोहाइड्रेट भंडार कम हो जाते हैं." उन्होंने कहा कि फरवरी और मार्च में अचानक बढ़ने वाली गर्मी गेहूं के दाने भरने की अवधि को छोटा कर रही है, जिससे उत्पादन और क्वालिटी दोनों प्रभावित हो रहे हैं.

### होर्मुज संकट के बीच भारत की नई तैयारी

# खाद सप्लाई के लिए बदलेगा समुद्री रास्ता

**विदिशा साह किसान तक**




भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देशों में शामिल है और गेहूं-चावल उत्पादन में मजबूत स्थिति रखता है. लेकिन खेती की यह ताकत पूरी तरह घरेलू नहीं है. खेत भारत के हैं, फसल भारत की है, लेकिन मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने वाले कई जरूरी पोषक तत्व अब भी विदेशों से आते हैं. साल 2024 में भारत ने उर्वरक आयात पर करीब 7.68 अरब डॉलर खर्च किए. इससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उर्वरक आयातक बना. रूस सबसे बड़ा सप्लायर रहा और उसकी हिस्सेदारी करीब 21 प्रतिशत रही, लेकिन अगर पूरे क्षेत्र को देखें तो पश्चिम एशिया का महत्व और बड़ा दिखता है. सऊदी अरब, ओमान, यूएई, कतर और बहरीन मिलकर भारत के कुल उर्वरक आयात में करीब 37 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं. भारत सिर्फ तैयार उर्वरक नहीं खरीदता, बल्कि घरेलू उत्पादन के लिए जरूरी संसाधन भी बाहर से लाता है. यूरिया और अमोनिया उत्पादन के लिए बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस चाहिए, जबकि कई दूसरे उर्वरकों के लिए सल्फर जैसे कच्चे पदार्थ जरूरी होते हैं.

INDIA TODAY GROUP
खेत-खलिहान
ग्रामीण हिन्दुस्तान
हमारी मिट्टी, हमारा पानी
फसल और किसान
किसान Tak
www.kisantak.in
ग्रामीण भारत का सबसे विश्वसनीय पता

### वायरल वीडियो देख लोग बोले- नमूनों की कमी नहीं!

# मजे से भूसा खा रहा शख्स

**इंटरनेट पर वायरल होने के लिए लोग क्या कुछ नहीं कर रहे हैं. इसी कड़ी में एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसे देख कोई भी हैरान रह जाए. एक वायरल वीडियो में युवक मजे से भूसा खाता नजर आ रहा है.**



अब तक सिर्फ गाय- भैंस, बकरी व अन्य मवेशियों को ही भूसा खाते देखा होगा. किसी इंसान को भूसा खाते शायद ही कभी किसी ने देखा हो. इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल होने के दौर में लोगों का यह भ्रम भी टूट जाएगा. क्योंकि, इंटरनेट पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक मजे से भूसा खाते दिखाई दे रहा है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @Rudhrayadav001 नाम के हैंडल से एक वीडियो शेयर किया गया है. इसके कैप्शन में लिखा है - अभी तक तो मुझे लगता था कि भूसा सिर्फ जानवर ही खाते हैं, लेकिन आज देख लिया कि इंसान भी भूसा खा सकते हैं. देखिए कैसे यह लड़का बड़े मजे से भूसा को दबा-दबा कर, चबा-चबाकर खा रहा है, ऐसा नजारा शायद ही आपने पहले कभी देखा होगा! इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक शख्स अपने हाथ में एक बड़े से बर्तन में ढेर सारा भूसा लेकर उसे चाव से खा रहा है. वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि वह किसी समारोह में अपने इस करतब का प्रदर्शन कर रहा है.

#### ठूंस- ठूंसकर खाया भूसा

**एक मिनट के इस वीडियो में शख्स ने एक नहीं, बल्कि कई बार भूसा खाया. वह मुंह में ठूंस- ठूंसकर भूसा भरता है, फिर उसे मजे से चबा- चबाकर खाता दिखाई दे रहा है. आसपास खड़े लोग भौचक होकर उसे ही एकटक देखे जा रहे हैं. इस वीडियो पर लोगों ने काफी मजे लिए हैं.**



### भारत और अमेरिका के वर्क कल्चर में क्या है फर्क?

सोशल मीडिया पर अक्सर अमेरिका की वर्क लाइफ और वहां की संस्कृति को लेकर पोस्ट वायरल होती रहती हैं. ऐसी ही एक पोस्ट इन दिनों चर्चा में है. अमेरिका में रह रहे भारतीय युवक रवि आर. कुमार ने एक पोस्ट साझा करते हुए वहां के कामकाज के तरीके के बारे में बताया. उन्होंने लिखा कि अमेरिका में कई दफ्तर सुबह 6:30 बजे ही काम शुरू कर देते हैं. ऐसे में दोपहर 3 बजे तक लोगों का दिन का बड़ा हिस्सा पूरा हो जाता है.

## आज की तस्वीर




### विश्व कप की उड़ान

फीफा विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अमेरिका के लिए रवाना हुई. खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को लेकर उत्साह देखने को मिला. दुनिया की सबसे सफल फुटबॉल टीमों में शामिल जर्मनी इस बार भी खिताब जीतने की मजबूत दावेदार मानी जा रही है. विश्व कप के लिए टीम ने व्यापक तैयारियां की हैं और प्रशंसकों को उससे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है. (Photo: Reuters)

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

## जेल जाते 90 साल के बुजुर्ग की तस्वीर देख उठे सवाल



बिहार के एक बुजुर्ग का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है.

वीडियो में झुकी कमर और लड़खड़ाकर चल रहे एक बुजुर्ग को पुलिस वाले जेल ले जाते दिखाई दे रहे हैं. दरअसल, 34 साल पुराने एक मामले में इस शख्स को सजा सुनाई गई है. ऐसे में लोग इस तस्वीर को लेकर सवाल खड़े करते दिखाई दे रहे हैं. बमुश्किल जो शख्स पैरों पर खड़ा हो पा रहा है, जिसे एक कदम चलने में सहारे की जरूरत हो रही है. अब उसे जेल में सजा काटनी होगी. यह मामला बिहार के वैशाली जिले का है.

### सिंगापुर का वीडियो चर्चा में

## रात 1 बजे खाली सड़क, फिर भी नहीं तोड़ी रेड लाइट



किसी देश की पहचान सिर्फ उसकी ऊंची इमारतों या चमकदार सड़कों से नहीं बनती, बल्कि वहां के लोगों की छोटी-छोटी आदतें भी बहुत कुछ बताती हैं. ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें रात के 1 बजे एक शख्स खाली सड़क होने के बावजूद पैदल यात्रियों के लिए हरी बत्ती का इंतजार करता नजर आता है. सिंगापुर में रहने वाली भारतीय महिला कृतिका जैन ने यह वीडियो शेयर किया है. उन्होंने वीडियो के साथ लिखा कि मुझे नहीं पता कि यह आदत है, अनुशासन है या फिर लोगों की सोच का हिस्सा. यह बहुत छोटी-सी बात है, लेकिन बहुत कुछ कह जाती है. वीडियो में एक अकेला पैदल यात्री रात के सन्नाटे में सड़क किनारे खड़ा दिखाई देता है. सड़क लगभग खाली है और आसपास कोई खास ट्रैफिक भी नजर नहीं आता. इसके बावजूद वह शख्स सड़क पार नहीं करता और सिग्नल के हरा होने का इंतजार करता है.

### उपभोक्ता आयोग का ऐतिहासिक फैसला

## शख्स की फ्लाइट छूटी तो रेलवे ने चुकाई कीमत

भारत में ट्रेनों का लेट होना अक्सर सामान्य बात मान ली जाती है. ज्यादातर यात्री इसे अपनी मजबूरी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन राजस्थान के कोटा में रहने वाले एक कपल ने ऐसा नहीं किया. ट्रेन की देरी की वजह से उनकी फ्लाइट छूट गई, जिसके बाद उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार रेलवे से मुआवजा हासिल कर लिया.

यह मामला अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसमें एक यात्री ने ट्रेन की देरी से हुए नुकसान का हिसाब मांगा और उपभोक्ता आयोग से अपने पक्ष में फैसला भी हासिल किया. कोटा निवासी अनिल कुमार राणा और उनकी पत्नी अनीता




राणा ने दिसंबर 2017 में केरल यात्रा की योजना बनाई थी. इसके लिए उन्होंने दिल्ली से तिरुवनंतपुरम जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट पहले से बुक कर रखी थी. दोनों ने फ्लाइट टिकटों पर 33,929 रुपये खर्च किए थे. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पहुंचने के लिए उन्होंने कोटा से चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस का टिकट लिया. ट्रेन का निर्धारित समय ऐसा था कि उनके पास फ्लाइट पकड़ने के लिए पर्याप्त समय बचना था. राजधानी एक्सप्रेस को दोपहर 12:40 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचना था, जबकि उनकी फ्लाइट शाम 6:05 बजे निर्धारित थी.

### एक्सियोस की रिपोर्ट से हड़कंप

# ट्रंप और नेतन्याहू में तीखी बहस

**ट्रंप के सामने मिड टर्म इलेक्शन है, इकोनॉमी की टेंशन है और ईरान के साथ डील आगे नहीं बढ़ रही है. इसलिए जब उन्होंने लेबनान पर हमला करने जा रहे नेतन्याहू को फोन लगाया तो आपा खो बैठे और उन्हें खूब डांटा. लेकिन क्या ये सचमुच में ट्रंप का गुस्सा है या फिर स्ट्रैटेजिक डिफरेंस.**




ट्रंप अपने सबसे करीबी साथी नेतन्याहू पर बिफरे. (Photo: Getty and Reuters)

**वॉशिंगटन, आजतक**

"तुम्हारा दिमाग खराब हो चुका है, अगर मैं न होता, तो तुम अब तक जेल में होते. ये मैं हूं जो तुम्हारी जान बचा रहा हूं. अब हर कोई तुमसे नफरत करता है. इसी वजह से हर कोई इजरायल से भी नफ़रत करता है." ये दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्राध्यक्ष की भाषा तो कतई नहीं है. तो फिर क्या हुआ कि ट्रंप अपने सबसे करीबी साथी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर इस तरह बिफर गए. और उन्हें इस तरह सुना डाला. हैरान करने वाले ये जुमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के हैं. जो उन्होंने फोन पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बेहद गुस्से में कहे. इस टकराव का खुलासा अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने अपनी एक एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में की है. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति सचुमच इजरायली प्रधानमंत्री से नाराज है. ट्रंप और नेतन्याहू के बीच टकराव मुख्य रूप से ईरान डील और लेबनान/हेजबुल्लाह पर है. यह कोई पुराना व्यक्तिगत झगड़ा नहीं, बल्कि ईरान-इजराइल-यूएस टेंशन के बीच का स्ट्रैटेजिक डिफरेंस है. दरअसल ट्रंप की प्राथमिकता अब एक ऐसी डील है जिसे वह अपनी विदेश नीति की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर सकें. ट्रंप ईरान के साथ डील में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से बड़ी लकीर खींचना चाहते हैं. उन्होंने हाल ही में दावा किया कि ईरान के साथ समझौता निकट हो सकता है और बातचीत तेज गति से चल रही है. लेकिन ये वार्ता बार बार डिरेल हो रही है.

**इजरायल को सता रहा अलग डर**

**वहीं इजरायली पक्ष को डर है कि ट्रंप ईरान को कमजोर करने के बजाय अस्थायी डील पर राजी हो जाएंगे, जिससे तेहरान को सांस लेने का मौका मिलेगा और हेजबुल्लाह जैसे प्रॉक्सी मजबूत होंगे. ट्रंप ईरान के साथ अपनी डील को पूरा करने के लिए इजरायल की कार्रवाइयों को समस्या के रूप में पेश कर सकते हैं. इससे अमेरिकी जनता और गल्फ सहयोगियों में इजरायल पर दबाव बढ़ेगा.**



## US में 30 भारतीय ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार, अब होंगे डिपोर्ट

**वॉशिंगटन, आजतक**

अमेरिकी एजेंसी ने अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे लगभग 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है. एजेंसी का कहना है कि इन सभी लोगों को जल्द ही डिपोर्ट कर दिया जाएगा. बताया जा रहा है कि ये भारतीय नागरिक कमर्शियल ट्रक ड्राइवर के रूप में काम कर रहे थे. एजेंसी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए इन सभी भारतीय चालकों के पास कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और वर्जीनिया जैसे राज्यों के कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस थे. इन लोगों के पास से जो बाइडन प्रशासन के दौरान जारी किए गए रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज मिले हैं जो अब अवैध हैं.

### कीव में भारी तबाही

# रूस ने 60 से ज्यादा मिसाइलों से किया डबल टैप अटैक

**ऋचीक मिश्रा, आजतक**

यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध ने एक बार फिर बेहद भयानक रूप ले लिया है. रूस ने यूक्रेन के कई बड़े शहरों पर अब तक का सबसे भीषण और विनाशकारी बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है. इस हमले की भयावहता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि यूक्रेन की राजधानी कीव सहित खारकीव, ज़ापोरिज़िया, निप्रो और कामियांस्के जैसे प्रमुख शहर धमाकों से दहल उठे हैं.

रात भर चले इस भारी हमले में न केवल सैन्य ठिकानों को बल्कि रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया गया है. कीव के आसमान में नॉन-स्टॉप धमाकों के साथ अजीब और डरावनी चमकीली रोशनी देखी गई. हमले के तुरंत



बाद स्टारोकोस्तियानटिनिव एयर बेस से भी आग लगने की खबरें आईं, जिसने पूरे देश में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया है. . यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पहले ही चेतावनी दी थी कि रूस एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है और यह हमला ठीक उसी का नतीजा है.

इस हमले को अंजाम देने के लिए रूस ने अपने सबसे आधुनिक और विनाशकारी हथियारों के जखीरे का इस्तेमाल किया है.



**भूख से जंग**

**गाजा सिटी में मानवीय संकट के बीच बड़ी संख्या में फ़लस्तीनी नागरिक भोजन पाने के लिए चैरिटी रसोईघर के बाहर जुटे. संघर्ष और अस्थिरता के कारण कई परिवारों को खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है. राहत संगठन जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, कठिन परिस्थितियों के बीच मानवीय सहायता पर निर्भर लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है. (Photo: Reuters)**

### भारतीय कंपनी सहित 3 ग्रुप्स को वैक्सीन के लिए फंड जारी

# कांगो में इबोला से 321 बीमार, 48 की मौत

**ब्राज़ाविल, आजतक**



कांगो के बूनिया में बने नए इबोला ट्रीटमेंट सेंटर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी. (Photo: AFP)

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) और युगांडा सहित पूर्वी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इबोला वायरस के एक नए और बेहद खतरनाक स्ट्रेन ने तबाही मचा रखी है. सरकारी आंकड़ों और रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जानलेवा बीमारी के मामलों की संख्या बढ़कर 321 हो गई है. वायरस तीन अलग-अलग प्रांतों में फैल चुका है. अब तक इस बीमारी से 48 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 1100 संदिग्ध मामले सामने आए हैं. यह इबोला के 'बुंडिबुग्यो' (Bundi-bugyo) स्ट्रेन के कारण फैला है, जिसके खिलाफ फिलहाल दुनिया में कोई भी टीका या सटीक इलाज मौजूद नहीं है. हालात की गंभीरता को देखते हुए वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसियों ने इसे पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है. इसी बीच, महामारी से निपटने के लिए वैश्विक संस्था 'सेपी' (CEPI) ने युद्ध स्तर पर वैक्सीन तैयार करने के लिए $60 मिलियन (लगभग 570 करोड़ रुपये) के फंड का एलान किया है.

### ईरान ने ली जिम्मेदारी

# इराक: उम्म कसर के पास कार्गो जहाज पर दो बड़े धमाके

**तेहरान, आजतक**

मिडिल-ईस्ट में जंग थमने का नाम नहीं ले रही है. अब खाड़ी में सोमवार को एक मालवाहक जहाज पर दो बड़े धमाके हुए. इस हमले की जिम्मेदारी खुद ईरान ने ले ली है. ईरान ने बताया कि उसके सुरक्षा बलों ने इराक के उम्म कसर बंदरगाह के पास इस जहाज को निशाना बनाया है. इराकी बंदरगाह कंपनी के मीडिया विभाग ने सोमवार को इस मालवाहक जहाज को उम्म कसर के पास देखे जाने की पुष्टि की. इराकी अधिकारियों ने बताया कि ये हमला



इराक के उम्म कसर बंदरगाह से लगभग 40 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में हुआ. ईरानी समाचार चैनल IRINN के मुताबिक, ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (IRGC) की नौसेना ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है.

## 26 साल के लड़के ने 10 करोड़ में बनाई फिल्म, कमाए 1400 करोड़!

हॉलीवुड की हॉरर फिल्म ऑब्सेशन का इन दिनों दुनिया भर में तगड़ा भौकाल चल रहा है. बड़े स्टार्स, बड़े डायरेक्टर या बड़े बजट के बिना बनी इस फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धमाका किया है कि बॉक्स ऑफिस पंडितों के मुंह खुले रह गए हैं.इस हॉलीवुड फिल्म का बजट, इंडिया में धमाकेदार सक्सेस की कहानी लिखने वाली स्त्री (2018) के मुकाबले आधे से भी कम है. लेकिन ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर कमाई ऐसी है कि ये हॉलीवुड की बड़ी प्रोडक्शन्स को भी आंखें दिखा रही है.





## डॉन 3 विवाद में ट्विस्ट! FWICE पर हुआ केस, रणवीर पर लगाई थी रोक

रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच डॉन 3 को लेकर छिड़ा विवाद अब कानूनी मोड़ ले चुका है. दिलचस्प खेल ये है कि कोर्ट में न रणवीर पहुंचे हैं, न फरहान. मगर इस पूरे मामले में रणवीर पर प्रेशर बनाने का काम कर रही फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉयीज (FWICE) को वेटरन प्रोड्यूसर टी पी अग्रवाल ने कोर्ट में घसीट लिया है.



2012 में आई कॉकटेल, 'सिचुएशनशिप' के अर्बन कॉन्सेप्ट पर बनी शुरुआती फिल्मों में से एक थी. इसलिए फैंस को कॉकटेल 2 से भी वैसी ही कुछ उम्मीदें थीं. 19 जून को रिलीज होने वाली इस फिल्म का ट्रेलर आ गया है, जो बताता है कि फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी हद तक पूरी हो सकती हैं.

# सिचुएशनशिप का कॉकटेल

**फिल्म का ट्रेलर रिलीज**

शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कॉकटेल 2 जब से अनाउंस हुई थी, तभी से बॉलीवुड फैंस इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे. 2012 में आई कॉकटेल, 'सिचुएशनशिप' के अर्बन कॉन्सेप्ट पर बनी शुरुआती फिल्मों में से एक थी. इसलिए फैंस को कॉकटेल 2 से भी वैसी ही कुछ उम्मीदें थीं. 19 जून को रिलीज होने वाली इस फिल्म का ट्रेलर आ गया है, जो बताता है कि फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी हद तक पूरी हो सकती हैं.

ट्रेलर में शाहिद कपूर और कृति सेनन की कहानी पहले दिखाई गई है. इन दोनों के किरदार शायद 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' टाइप सिचुएशन में हैं. मतलब दोनों को चाहिए सबकुछ, सिवाय कमिटमेंट के. फिर एंट्री होती है रश्मिका मंदाना की. ट्रेलर से लगता है कि वो इस कहानी में कमिटमेंट का चेहरा हैं.

लेकिन फिर दोनों लड़कियां, शाहिद के लिए कॉम्पिटीशन सा करती नजर आती हैं. रश्मिका और शाहिद एक सीन में जिस सिचुएशन में हैं और 'बेबी' वाला व्यवहार चल रहा है, उससे लगता है कि शायद ये दोनों रिलेशनशिप को लेकर थोड़े सीरियस हैं. कॉकटेल 2 का ट्रेलर तीनों किरदारों की चॉइसेज के बारे में बहुत कुछ रिवील नहीं करता, बल्कि इस बात पर फोकस करता है कि तीनों एक दूसरे के साथ क्या कर रहे हैं. तीनों के बीच काफी कन्फ्यूजन है. एक चर्चा थी कि कॉकटेल 2, दोनों एक्ट्रेसेज के किरदारों में लेस्बियन रिश्ते की कहानी दिखा सकती है. लेकिन एक सीन में दोनों लड़कियां शादी के जोड़े में तैयार नजर आ रही हैं और इस बात से टेंशन में हैं कि कहीं उनकी हरकत की वजह से शाहिद का किरदार सुसाइड न कर ले. हालांकि, शाहिद इस सीन में शादी करने जा रहे लड़के की तरह नहीं, बल्कि शादी के मेहमान की तरह तैयार दिख रहे हैं.

ट्रेलर में शाहिद के साथ दोनों एक्ट्रेसेज की नहीं, बल्कि दोनों एक्ट्रेसेज की आपसी केमिस्ट्री को हाइलाइट किया गया है. इसलिए होने को इस कन्फ्यूजन के कॉकटेल में कुछ भी हो सकता है. यहां देखें कॉकटेल 2 का ट्रेलर: होमी अदजानिया ने 2012 वाली ऑरिजिनल फिल्म डायरेक्ट की थी.

## 'काला हिरण' फिल्म पर विवाद, सलमान ने भेजा नोटिस



आशीष मिश्रा, आजतक

फिल्म 'काला हिरण: द बैटल फॉर लेगेसी' की अनाउंसमेंट के बाद से विवाद गरमाया हुआ है. क्योंकि ये मूवी सलमान खान के 1998 ब्लैक बक केस को लेकर बनाई गई है. इसलिए हंगामा भड़का है. मामले में नया अपडेट ये है कि सलमान खान की लीगल टीम ने फिल्म से जुड़े लोगों को कानूनी नोटिस भेजा है.

## 11 साल बाद शिल्पा का बड़ा कबूलनामा

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने अपने करियर के सबसे विवादित दौर को लेकर ऐसा खुलासा किया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया. 'भाभीजी घर पर हैं' छोड़ने के बाद लंबे समय तक विवादों में रहीं शिल्पा ने अब स्वीकार किया है कि उन्होंने शो के प्रोड्यूसर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का केस किया था.

## आज की तस्वीर



### मुनरो का जादू

हॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार मर्लिन मुनरो की 100वीं जयंती पर दुनियाभर में उन्हें याद किया गया. उनकी फिल्मों, फैशन शैली और सांस्कृतिक प्रभाव को सम्मान देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए. दशकों बाद भी मुनरो की लोकप्रियता बरकरार है और उन्हें सिनेमा इतिहास की सबसे प्रभावशाली हस्तियों में गिना जाता है. उनकी विरासत आज भी मनोरंजन जगत, फैशन उद्योग और लोकप्रिय संस्कृति को प्रेरित करती है. (Photo: AFP)

## 'गवर्नर' में दिखेगी 1991 के आर्थिक संकट की हकीकत!

सुबोध मिश्रा, आजतक


मनोज बाजपेयी की फिल्म गवर्नर आजकल खूब चर्चा में है. कुछ दिन पहले फिल्म का ट्रेलर आया था, जिसकी कहानी ने दर्शकों की जिज्ञासा बढ़ा दी है.

दो साल बाद मनोज के लीड रोल वाली फिल्म थिएटर्स में पहुंच रही है. गवर्नर की कहानी भारत के पूर्व गवर्नर एस वेंकटरामनन पर बेस्ड है जिन्होंने 1991 के बैलेंस ऑफ पेमेंट क्राइसिस से उबरने में बड़ा रोल निभाया था.

फिल्म में मनोज बाजपेयी उनका रोल निभा रहे हैं. लेकिन गवर्नर में जनता की दिलचस्पी की एक और बड़ी वजह है– ट्रेलर में नजर आ रही कहानी और आज भारत की आर्थिक सिचुएशन में समानताएं. रुपये के गिरने, क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम और भारत पर आर्थिक संकट की चिंता गवर्नर की कहानी में दिख रही है.

दरअसल, फिल्म में भारत पर आए आर्थिक संकट की एक ऐसी

### जब रातो-रात विदेश भेजी गई थी सोने की खेप...



कहानी है, जो कभी बड़े पर्दे पर नहीं उतरी. बैलेंस ऑफ पेमेंट को एकदम साधारण तरीके से ऐसे समझ सकते हैं– भारत की करेंसी रुपया है लेकिन विदेशों से आयात-निर्यात डॉलर में होता है.

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW